प्रेषक,

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण
लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-9 **लखनऊ : दिनांक- 21 मार्च, 2016**

विषय- उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में सृजित पदों की वर्ष 2016-17 हेतु क्रमागत निरन्तरता जारी करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2488/ए-157टी0सी0/यू0पी0आर0आर0डी0ए0/2015, दिनांक-18.12.2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में सृजित पदों की वर्ष 2016-17 हेतु क्रमागत निरन्तरता जारी किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यान्वयन हेतु गठित उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के संचालन हेतु शासनादेश संख्या-1436/अड़तीस-4-2004-10 पीएमजीएसवाई/2003, दिनांक-10.07.2004 द्वारा सृजित कुल 30 अस्थायी पदों में से कनिष्ठ लिपिक के 02 पदों को आस्थगित करते हुये विशेष कार्याधिकारी का 01 नि:संवर्गीय पद सृजित किया गया था, जिसके फलस्वरूप अवशेष 28 पदों की अंतिम बार निरन्तरता, शासनादेश संख्या-पी-117/अड़तीस-9-2014-10(पीएमजीएसवाई)/2003टी0सी0-।, दिनांक-24.02.2014 द्वारा दिनांक-28.02.2015 तक के लिये जारी की गयी थी तथा शासनादेश संख्या-पी-18/अड़तीस-9-2014-10 पीएमजीएसवाई/2003, दिनांक-21.07.2014 द्वारा दिनांक-28.02.2015 तक के लिये 12 अस्थायी पद सृजित किये गये। इस क्रम में शासनादेश संख्या-पी-93/अड़तीस-9-15-10(पीएमजीएसवाई)/ 2003टी0सी0-।।।, दिनांक-13.02.2015 द्वारा उक्त सृजित 40 अस्थायी पदों की दिनांक-29.02.2016 तक क्रमागत निरन्तरता जारी की गयी थी। इसके अतिरिक्त शासनादेश संख्या-45/2015/पी-949/अड़तीस-9-2015-10(पीएमजीएसवाई)/2003, दिनांक-10.12.2015 द्वारा शासनादेश दिनांक-10.07.2004 से सृजित वैयक्तिक सहायक (ग्रेड-2) के 05 अस्थायी पदों में से 02 अस्थायी पदों को समाप्त करते हुये वरिष्ठ सहायक के 02 अस्थायी पद दिनांक-29.02.2016 तक के लिये सृजित किये गये हैं।

श्री राज्यपाल महोदय उपरोक्त 40 पदों (जिनका विवरण संलग्न है), के दिनांक-28.02.2017 तक चलते रहने की सम्भावना के दृष्टिगत उनकी दिनांक-28.02.2017 तक क्रमागत निरन्तरता की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है, बशर्ते ये पद बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिये जाय।

-2/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के संगत मानक मदों से वहन किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-ए-2-2574/दस-98-24(8)/92, दिनांक-02.12.1998 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे है।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

संख्या- 9/2016/ पी-230 (1)/अड्तीस-9-2016, तद दिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- महालेखाकार प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- सम्बन्धित कोषाधिकारी।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/ वित्त (लेखा)/अनुभाग-2
5- वित्त (सामान्य) अनुभाग-1/वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2
6- वित्त (सेवायें) अनुभाग-1
7- गार्डबुक।

आज्ञा से,

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या- 9/2016/ पी-270/अड़तीस-9-16-10(पीएमजीएसवाई)/2003टी0सी0-।।।, दिनांक- 21 मार्च, 2016 का संलग्नक।

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनमान	पद सृजन सम्बन्धी शासनादेश संख्या व दिनांक।
1.	अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी,	01	37400-67000 (ग्रेड पे-8900)	संख्या-1436/38-04-04-10(पीएमजीएसवाई)/03, दिनांक-10.07.2004
2.	वित्त नियंत्रक	01	37400-67000 (ग्रेड पे-8900)	तदैव।
3.	राज्य गुणवत्ता समन्वयक	01	37400-67000 (ग्रेड पे-8700)	तदैव।
4.	उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी,	01	15600-39100 (ग्रेड पे-7600)	तदैव।
5.	राज्य तकनीकी अधिकारी	01	15600-39100 (ग्रेड पे-7600)	तदैव।
6.	वरिष्ठ अभियन्ता (गुणवत्ता नियंत्रक)	02	15600-39100 (ग्रेड पे-6600)	तदैव।
7.	वैयक्तिक सहायक (ग्रेड-2)	03	9300-34800 (ग्रेड पे-4200)	तदैव।
8.	सूचना अधिकारी	01	9300-34800 (ग्रेड पे-4200)	तदैव।
9.	लेखाकार	04	9300-34800 (ग्रेड पे-4200)	तदैव।
10.	कनिष्ठ लिपिक	03	5200-20200 (ग्रेड पे-1900)	तदैव।
11.	एम0 एण्ड आई0 स्पेशलिस्ट	01	20,000 रू0 (नियम वेतनमान)	तदैव।
12.	अनुसेवक	06	नियत वेतन/न्यूनतम मजदूरी अधिनियम-1948 के आधार पर समय-समय पर संशोधनीय	तदैव।
13.	मुख्य अभियन्ता	01	संवर्गीय वेतनमान	संख्या-पी-18/अड़तीस-9-14-10 पीएमजीएसवाई/03, दिनांक-21.07.2014
14.	अधीक्षण अभियन्ता	01	संवर्गीय वेतनमान	तदैव।
15.	अधिशासी अभियन्ता	02	संवर्गीय वेतनमान	तदैव।
16.	चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट	02	60,000 प्रति माह प्रति	तदैव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

			व्यक्ति (नियत धनराशि)	
17.	विधि अधिकारी	01	संवर्गीय वेतनमान	तदैव।
18.	कनिष्ठ सहायक	01	संवर्गीय वेतनमान (ग्रेड पे-2000)	तदैव।
19.	अनुसेवक	04	नियत वेतन/न्यूनतम मजदूरी अधिनियम-1948 के आधार पर समय-समय पर संशोधनीय	तदैव।
20.	वरिष्ठ सहायक	02	5200-20200 (ग्रेड पे-2800)	संख्या-45/2015/2949/अड़तीस-9-2015-10(पीएमजीएसवाई)/2003, दिनांक-10.12.2015
कुल पद-		**40**		

ओम प्रकाश तिवारी
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।